# University in News on 14 November 2024

## PIONEER PAGE 3

### लविवि में महिला सुरक्षा एवं सम्मान के लिए ली गयी सामूहिक शपथ ग्रहण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को महिला सुरक्षा, सम्मान और समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति पंचम चरण अभियान के तहत एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की। समन्वयक डॉ मानिनी श्रीवास्तव नोडल अधिकारी मिशन शक्ति लविवि थी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर खड़े रहने की शपथ ली। कुलपति दारा दिलाई गई इस शपथ में यह प्रतिबद्धता व्यक्त की गई कि सभी एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।



## TOI PAGE 2

### LU takes pledge to make campus safe for women



The drive is a part of Mission Shakti, a govt initiative to empower women

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** As part of a campaign to promote women's safety, a special oath-taking ceremony was organized at Lucknow University on Wednesday.

University faculty, staff, and students pledged to stand united against any form of harassment or violence towards women at the event organised by the Institute of Women Studies under Mission Shakti phase five.

The oath taking was led by LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai, who stressed on the commitment to create a safe, respectful, and inclusive environment where no woman should feel insecure or disrespected.

Mission Shakti nodal officer Manini Srivastava emphasized that this oath is a step towards positive social change, encouraging everyone to incorporate this pledge into their actions and behaviour.

Pro vice-chancellor Prof Manuka Khanna along with deans, heads of departments took part in the pledge.

The key points of the oath included refusing to be passive bystanders in cases of harassment, actively supporting victims, and promoting vigilance for women's safety within the campus and beyond.

### LU enter North Zone Tennis C'ship quarters

**Lucknow:** After almost two decades, Lucknow University's tennis team has reached the quarterfinals of the All-India Inter-University Championship 2024 (North Zone) in Murthal, Haryana. More than 30 universities are participating in the event.

LU is represented by Iram Zaidi, Sasa Katiyar, Vartika, Anuj Kumar, Amit, Rahul, and Nikhil. The team will face Delhi University in their quarterfinal clash. "It's a proud moment for us that our students have made it to the quarterfinals by giving their best. This achievement comes after a very long gap," said Professor Ajay Kumar Arya, secretary of the Lucknow University Athletic Association. The credit for this remarkable performance in sports goes to the hard work of the students and Shyam Kishore, president of lawn tennis. TNN



## AMRIT VICHAR PAGE 4

### महिलाओं के प्रति हिंसा के खिलाफ एकजुट होने की शपथ ली

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ सामूहिक जागरूकता और प्रतिबद्धता को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण बनाने के लिए प्रयासरत रहने की शपथ दिलाई। मन्वयक डॉ मानिनी श्रीवास्तव नोडल अधिकारी मिशन शक्ति विश्वविद्यालय और शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने शपथ ली।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### महिला सुरक्षा की शपथ ली

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला सुरक्षा, सम्मान और समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की। शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर खड़े रहने की शपथ ली। (संवाद)

## LOKSATYA PAGE 2, 3

### टेनिस टीम ने प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**लखनऊ, लोकसत्य।** एआईयू की नार्थ जोन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन मुरथल हरियाणा में चल रहा है, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की लॉन टेनिस टीम कई वर्षों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय एथेलेटिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी प्रो अजय कुमारआर्य ने बताया कि डॉ श्याम किशोर, प्रेसिडेंट लॉन टेनिस के निर्देशन में इस समय लखनऊ विश्वविद्यालय टीम का प्रतिधिनित्व इरम जैदी, सासा कटियार, वर्तिका, अनुज कुमार, अमित, राहुल एवं निखिल कर रहे हैं जिन्होंने अभी तक बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है जिसका क्वार्टर फाइनल मैच दिल्ली यूनिवर्सिटी के साथ खेला जायेगा।

### मानव पर्यावरणीय इतिहास के गहन प्रभाव पर हुई चर्चा

**लखनऊ, लोकसत्य।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में बुधवार को इंटरनेशनल यूनियन फॉर क्वाटरनरी साइंस (INQUA) के पूर्व अध्यक्ष और लीडन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड्स के प्रो एमेरिटस थिज़ वान कोलफ्सचोटेन ने क्वाटरनरी रिसर्च समुदाय में INQUA का योगदान विषयक विशेष व्याख्यान दिया। प्रो कोलफ्सचोटेन ने INQUA के वैश्विक वैज्ञानिक अनुसंधानों और उनके जलवायु परिवर्तन, हिमयुग के अध्ययन, और मानव पर्यावरणीय इतिहास पर गहन प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे INQUA पूरे विश्व में शोधकर्ताओं को जोड़कर पृथ्वी के क्वाटरनरी काल के अध्ययन में सहयोग प्रदान करता है, जिससे नई पीढ़ी के वैज्ञानिकों को लाभ मिलता है। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर शीला मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं, और भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर ध्रुव सेन सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन किया। संकाय सदस्यों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक व्याख्यान में भाग लिया और क्वाटरनरी विज्ञान में INQUA की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों को क्वाटरनरी विज्ञान और वैश्विक शोध सहयोग के महत्व को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया।

